# ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल में शोषण कैसा दिखाई देता है?

अलग-अलग लोगों के लिए शोषण अलग-अलग दिख सकता है और महसूस हो सकता है। शोषण के अलग-अलग प्रकार होते हैं, ये अनेकानेक परिवेशों में होते हैं और इनसे विभिन्न लोग प्रभावित होते हैं। फुटबॉल में शोषण हो सकने के कुछ तरीकों और स्थानों में शामिल हैं:

- फुटी के दौरान - प्रशिक्षण में, खेल से पहले, इसके दौरान या इसके बाद, या क्लब के आयोजनों में
- फुटबॉल के लिए आते-जाते समय - कार या बस में
- शिविरों, कार्निवलों या रात-भर रहने वाली फुटबॉल यात्राओं में
- खेल के मैदान के बाहर सटी हुई रेखाओं से।

यह दो या दो से अधिक लोगों के बीच हो सकता है, जिनमें शामिल हैं:

- बच्चे/बच्ची की ओर से दूसरे बच्चे/बच्ची के प्रति
- युवा व्यक्ति की ओर से दूसरे युवा व्यक्ति के प्रति
- बच्चे/बच्ची की ओर से युवा व्यक्ति के प्रति
- वयस्क की ओर से बच्चे/बच्ची के प्रति
- वयस्क की ओर से युवा व्यक्ति के प्रति।

इसके अतिरिक्त, बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को किसी अन्य स्थान पर शोषण का अनुभव हो सकता है, लेकिन वे अपने क्लब में किसी भरोसेमंद व्यक्ति को इसके बारे में बताने में सहज महसूस करते हैं, या उनके क्लब का कोई व्यक्ति संकेतों की पहचान करता है।

## परिभाषाएँ

**बच्चा/बच्ची:** फुटी में शामिल 12 वर्ष या इससे कम आयु का कोई व्यक्ति – सामान्य रूप से यह एक खिलाड़ी होता है, लेकिन खिलाड़ी का भाई-बहन या क्लब में शामिल वयस्क का बच्चा/बच्ची भी हो सकता है।

**युवा व्यक्ति:** फुटी में शामिल 13 और 18 वर्ष की आयु के बीच का कोई व्यक्ति – सामान्य रूप से यह एक खिलाड़ी होता है, लेकिन यह व्यक्ति अंपायर या क्लब में किसी अन्य भूमिका में शामिल व्यक्ति, या खिलाड़ी का भाई-बहन या बच्चा/बच्ची भी हो सकता है।

**वयस्क:** फुटी में शामिल 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति – यह कोच, प्रबंधक, अंपायर, क्लब का अधिकारी, AFL स्टाफ का सदस्य, स्वयंसेवक, और/या माता/पिता हो सकता है।

## शोषण के प्रकार

### 1 शारीरिक शोषण

ऐसा कोई भी कार्य, जिसमें शारीरिक बल का उपयोग करके किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को चोट पहुंचाई जाती है। इसमें मारना, पीटना, लात मारना, झकझोरना, काटना, गला घोंटना, झुलसाना, जलाना, ज़हर देना, सांस रोकना शामिल हैं।

### 2 यौन शोषण

ऐसा कोई भी व्यवहार, जो यौन प्रकृति का है और जो बच्चे या युवा व्यक्ति को असहज महसूस कराता है, उन्हें धमकाता या भयभीत करता है, या जो गैर-कानूनी है। इसमें शारीरिक स्पर्श करना और व्यक्तिगत या ऑनलाइन रूप से यौन तथा निजी चीजों के बारे में बातें करना, अथवा किसी को यौन या निजी प्रकृति के वीडियो या फोटो दिखाना, अथवा किसी व्यक्ति से किसी दूसरे को निजी या यौन प्रकृति के वीडियो भेजने के लिए कहना शामिल है।

### 3 ग्रूमिंग (यौन शोषण के लिए पीड़ित को तैयार करना)

इसमें किसी वयस्क द्वारा बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को विशिष्ट महसूस कराया जाना, किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के साथ अकेले समय बिताना, और या किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के साथ अन्य वयस्कों से दूर अकेले मिलने के तरीके खोजना शामिल है। यह सामान्य व्यवहार की तरह दिख सकता है और यहाँ तक कि बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को असहजता महसूस भी नहीं हो सकती है, लेकिन यह व्यवहार दूसरों के साथ नहीं किया जाता है।

### 4 भावनात्मक शोषण

ऐसे शब्दों या कृत्यों का उपयोग, जिससे किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को बुरा, उदास, शर्मिंदा, बहिष्कृत, चिंतित, भ्रमित, लज्जित, व्याकुल या धमकाया जाना महसूस हो सकता है।

### 5 उपेक्षा

जब कोई वयस्क किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को बुनियादी आवश्यकताएँ उपलब्ध नहीं कराता है, जैसे भोजन, पानी, आश्रय, उपयुक्त कपड़े, निगरानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता।

## 6 डराना-धमकाना

डराने-धमकाने में एक या एकाधिक शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा कम शक्ति वाले किसी व्यक्ति के ऊपर बल का अनुचित उपयोग शामिल होता है और सामान्य रूप से यह कृत्य समय के साथ बार-बार दोहराया जाता है। डराना-धमकाना इस प्रकार का हो सकता है:

- मौखिक (नाम रखना, नीचा दिखाना, धमकियाँ देना)
- शारीरिक (पीटना, मुक्का मारना, लात मारना, खरोंचना, पैर फंसाकर गिराना, थूकना)
- सामाजिक (अनदेखा करना, बहिष्कार करना, शामिल न करना)
- मनोवैज्ञानिक (अफवाहें फैलाना, पीछा करना, गंदे तरीके से देखना, संपत्ति को छिपाना या नुकसान पहुंचाना)।

## फुटबॉल में उदाहरण

- अपनी टीम में 13 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को देर रात व्यक्तिगत व्हॉट्सऐप मैसेज भेजने वाला कोच।
- टीम के बाकी सदस्यों के सामने किसी खिलाड़ी को अलग करने वाला प्रबंधक, जो यह टिप्पणी करता है कि वे किस तरह से टीम में शामिल होने के लायक नहीं हैं और उन्हें एक ग्रेड नीचे खेलना चाहिए।
- नए, 17 वर्ष की आयु के खिलाड़ी को टीम में 'दीक्षित' किए जाने के लिए कहने वाला U21 कप्तान, जो प्रशिक्षण के बाद अन्य खिलाड़ियों को उसके साथ 'असभ्य व्यवहार' करने के लिए प्रोत्साहित करता है।
- अंतरराज्यीय यात्रा में सहायता देने वाला पिता/माता, जो यह सोचता/सोचती है कि मैच के बाद होटल में 13 वर्ष से कम आयु की टीम को पॉर्न दिखाने में कुछ गलत नहीं है।
- साथियों के साथ अपनी प्रेमिका की नग्न तस्वीरें को साझा करने वाला 18 वर्षीय खिलाड़ी।
- कुशलता का प्रदर्शन करना सिखाते समय बच्चे/बच्ची के शरीर को आवश्यकता से अधिक स्पर्श करने वाला कॉर्डिनेटर या पिता/माता सहायक।

### किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति में व्यवहार, जो आपके लिए चिंता पैदा कर सकते हैं

- अलग रहना, असामान्य रूप से शांत या अनुपस्थित होना
- हिंसक और आक्रामक होना
- घर जाने या फुटबॉल क्लब में आने की इच्छा न दिखाना
- खरोचें या अन्य चोटें
- भाग लेने के लिए इच्छा न दिखाना/किसी विशेष वयस्क के साथ अकेला छोड़ने की इच्छा दिखाना
- फुटबॉल गतिविधि के दौरान किसी वयस्क के साथ दूसरों की तुलना में अधिक समय बिताना, चाहे यह खेल या प्रशिक्षण हो।

### इन व्यवहारों से आपको क्या संकेत मिल सकता है

उन्हें:

- अपने फुटबॉल संपर्कों में किसी व्यक्ति की ओर से शोषण या उपेक्षा का अनुभव हो रहा है।
- फुटबॉल क्लब में डराए-धमकाए जाने या उत्पीड़न का अनुभव हो रहा है।
- घर पर या स्कूल जैसे किसी अन्य परिवेश में शोषण या उपेक्षा का अनुभव हो रहा है।
- शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में समर्थन की आवश्यकता है।
- सांस्कृतिक रूप से असुरक्षित महसूस करने, समावेशन की कमी, सीखने में कठिनाई या विकलांगता के कारण भाग लेने में मुश्किल हो रही है।

### फुटबॉल में अन्य वयस्कों के व्यवहार, जो आपके लिए चिंता पैदा कर सकते हैं

- गुप्तता प्रदर्शित करना, अथवा युवा खिलाड़ियों से कोई बात गुप्त रखने के लिए कहना।
- कुछ खिलाड़ियों के प्रति बाकियों से अलग विशिष्ट व्यवहार प्रदर्शित करना – कुछ बच्चों या युवा लोगों का पक्षपात करना।
- सामान्य से अधिक सहायता प्रस्तुत करना – घर जाने के लिए लिफ्ट, एक-के साथ-एक कोचिंग का प्रस्ताव देना।
- युवा खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल से असंबंधित बातों के लिए संपर्क करना।
- माता-पिता के साथ दोस्त बनना, और किसी विशेष बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के साथ अधिक संपर्क के लिए समय बनाना – अकेले अथवा परिवार के साथ।
- आसान नियमों या अपेक्षाओं को अनदेखा या खारिज करना, सीमाओं में ढील।
- यौन प्रकृति के चुटकुले, संबंधों के बारे में पूछना या निजी तस्वीरें दिखाना।
- सामान्य फुटबॉल से संबंधित संपर्क के परे ऐसे परिदृश्य बनाना, जहाँ शारीरिक स्पर्श की आवश्यकता हो।

## आपको सुरक्षा से संबंधित चिंताओं के बारे में कैसे पता चल सकता है

### प्रकटीकरण

जब कोई बच्चा/बच्ची या युवा व्यक्ति आपको किसी ऐसी घटना के बारे में बताता है, जो **उनके** साथ हुई थी या **वे** इसमें सीधे तौर पर शामिल थे।

**वे आपके पास चिंता व्यक्त कर रहे हैं।**

### आरोपण

जब कोई बच्चा/बच्ची या युवा व्यक्ति आपको किसी ऐसी घटना के बारे में बताता है, जो **किसी अन्य** के साथ हुई थी या कोई अन्य इसमें सीधे तौर पर शामिल था।

**वे आपके पास चिंता व्यक्त कर रहे हैं।**

### आशंकाएँ

जब आपके पास किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के शोषण की घटना का संदेह करने का कारण है, जो टिप्पणियों, वृत्ति या सहज-ज्ञान, व्यवहारों और संकेतकों पर आधारित है।

**आप चिंता का निर्माण कर रहे/रही हैं।**

### यह कैसा लग सकता है?

**कोई अन्य व्यक्ति कहता है:**

"मैं आपको एक ऐसी बात के बारे में बताना चाहता हूँ, जो मेरे साथ हुई थी"

"यह मेरे साथ भी हुआ"

"किसी ने मेरे साथ कुछ ऐसा किया, जो मुझे अच्छा नहीं लगा"

"मैंने कुछ ऐसा किया है, जो मुझे नहीं करना चाहिए था"

**कोई अन्य व्यक्ति कहता है:**

"मैं अपनी दोस्त के बारे में चिंतित हूं, उसने मुझे बताया कि उसके साथ कुछ हुआ है"

"मैंने उस व्यक्ति को मेरे दोस्त के साथ कुछ करते हुए देखा"

"वे लोग कुछ ऐसा कर रहे हैं, जिससे मुझे असहजता होती है"

**आप अपने आप से कह रहे/रही हैं:**

"मुझे इस स्थिति के बारे में कुछ सही नहीं लग रहा है"

"उस व्यक्ति से वास्तव में मुझे असहजता महसूस होती है"

"मैंने देखा है कि हाल में उसका व्यवहार बदल गया है; यह उसका अपना सामान्य व्यवहार नहीं लगता है"

"जिस तरह से वह व्यक्ति उसके साथ व्यवहार करता है, मुझे पसंद नहीं है"

## अपनी आवाज उठाएँ

यदि आपने किसी बच्चे या युवा व्यक्ति के साथ सीधे बात नहीं की है लेकिन आपको इस बात का **संदेह** है कि कुछ सही नहीं है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी आवाज उठाएँ।

**आप:**

फुटबॉल में किसी ऐसे व्यक्ति के साथ सीधे बात कर सकते/सकती हैं, जिस पर आपको भरोसा है, जैसे कोच, टीम का प्रबंधक, अंपायर, अधिकारी या क्लब का प्रतिनिधि।

अपनी चिंताओं को लिखें और उन्हें ईमेल या पत्र के माध्यम से अपने क्लब या संगठन को भेजें।

AFL के साथ चिंता को प्रकट करने के लिए इस क्यूआर कोड का उपयोग करें।

सुरक्षा के बारे में किसी भी पूछताछ के लिए childsafety@afl.com.au पर ईमेल भेजें।

हमेशा की तरह ही, यदि किसी को तत्काल खतरा है तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें।

**याद रखें – आपको प्रमाण दिखाने की आवश्यकता नहीं है, आपके पास बस एक 'उपयुक्त विश्वास' होने की आवश्यकता है कि इस बात की संभावना है कि कुछ हुआ है।**